Total No of Printed Pages: 7

Class -VI

ANNUAL EXAMINATION (2024-25)

Subject - Hindi

Set – C 1

Time allowed – 2.5 hrs **Max marks-60**

निर्देश :

1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 1 से लेकर 12 हैं।
2. उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्र. 1 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

क) आत्मनिर्भरता

ख) सच्चा मित्र

ग) संगति

घ) मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।

प्र. 2 अपनी छोटी बहन को हिंदी वर्णमाला के विषय में बताते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

मोहल्ले की सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

प्र. 3 दिए गए चित्र का वर्णन 35 से 40 शब्दों में कीजिए। **3**



प्र. 4 पदभेदानुसार कीजिए – **(1x3=3)**

i) मैं प्रतिदिन योग करता हूँ।

क) पुरूषवाचक सर्वनाम
ख) निश्चयवाचक सर्वनाम
ग) निजवाचक सर्वनाम
घ) प्रश्नवाचक सर्वनाम

ii) वह ज़ोर–ज़ोर स चिल्लाता है।

क) क्रियाविशेषण
ख) क्रिया
ग) सर्वनाम
घ) इनमें से कोई नहीं

iii) वह पत्र लिख रही है।

क) सकर्मक क्रिया
ख) अकर्मक क्रिया
ग) सर्वनाम
घ) क्रियाविशेषण

प्र. 5 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1x8=8)**

i) 'कवि' का स्त्रीलिंग है –

क) कवयित्री ख) साम्राज्ञी

ग) युवती घ) स्त्री

ii) 'तिथि' का बहुवचन है –

क) दिनांक ख) तिथियों

ग) तिथियाँ घ) तिथिवर्ग

iii) 'खट्टा' के लिए भाववाचक संज्ञा है –

क) खट्टापन ख) खटाई

ग) खटास घ) खट्टे

iv) 'जिसका कोई आकार न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –

क) साकार ख) निराकार

ग) विकार घ) प्रकार

v) 'कृत्रिम' का विलोम शब्द है –

क) पुरातन ख) प्राचीन

ग) प्राकृतिक घ) नवीन

vi) 'मूल' का उचित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द है –

क) जल ख) जड़

ग) विष घ) कीमत

vii) 'निशान' का उपयुक्त अनेकार्थी है –

क) चिह्न, रास्ता ख) प्राण, मृत्यु

ग) चिह्न, ध्वजा घ) ध्वजा, झंडा

viii) 'आ बैल मुझे मार' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है –

क) अपने इलाके में निर्बल भी बलवान होता है

ख) स्वयं मुसीबत खड़ी करना

ग) अच्छे कार्य का परिणाम भी अच्छा ही होता है

घ) सभी ओर संकट

प्र. 6 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – **4**

i) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए – (कोई एक) 2

क) दाल में कुछ काला होना

ख) टाल–मटोल करना

ii) पर्यायवाची शब्द लिखिए – (कोई एक) 2

लक्ष्मी, वृक्ष, शत्रु

प्र. 7 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(4x3=12)**

क) बिस्मिल की माता जी जब ब्याह कर आईं तो उनकी आयु बहुत कम थी फिर भी उन्होंने स्वयं को अपने परिवार के अनुकूल कैसे ढाला?

ख) सुजान सिंह ने पंडित जानकीनाथ को दीवान पद के चयन का क्या कारण बताया?

ग) मॉरिशस के हिंदु 'शिवरात्री' पर क्या करते हैं? विस्तार से लिखिए।

घ) 'मधुमक्खी व तितली के साथ वृक्ष की चिरकाल से घनिष्ठता है। वे दल–बल सहित फूल देखने आती हैं।' प्रस्तुत पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करें।

ङ) ''एंजेला के मन में कई तरह के विचार चल रहे थे।" उसके मन में कौन–कौन से विचार चल रहे होंगे?

प्र. 8 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(2x3=6)**

क) रहीम जी ने प्रेम का धागा न तोड़ने की बात क्यों की थी?

ख) 'जलाते चलो' कविता आशा और उत्साह जगाने वाली कविता है। इसमें क्या आशा की गई है?

ग) चेतक ने शत्रुओं का सामना किस प्रकार किया?

घ) जब माँ यशोदा ने श्रीकृष्ण को गले से लगा लिया, तब क्या हुआ होगा? विस्तार से लिखें।

प्र. 9 उचित विकल्प चुनें – **(2)**

i) 'गोल' पाठ के लेखक हैं –

क) राम प्रसाद 'बिस्मिल' ख) मेजर ध्यानचंद

ग) सुदर्शन घ) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

ii) 'हार की जीत' पाठ के लेखक/लेखिका हैं –

क) जया मेहता　　ख) प्रेमचंद

ग) श्यामनारायण पाण्डेय　　घ) सुदर्शन

प्र. 10 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर कीजिए – **(3)**

'ऊँचा खड़ा हिमालय
आकाश चूमता है,
नीचे चरण तले झुक,
नित सिंधु झूमता है।

गंगा जमुन त्रिवेणी
नदियाँ लहर रही हैं
जगमग घटा निराली,
पग–पग छहर रही हैं।

i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि/कवयित्री का नाम है –

क) भवानी प्रसाद मिश्र　　ख) महादेवी वर्मा

ग) सोहनलाल दि्वेदी　　घ) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

ii) ऊँचा कौन खड़ा है?

क) सिंधु　　ख) हिमालय

ग) आकाश　　घ) इनमें से कोई नहीं

iii) नीचे चरण तले कौन झूमता है?

क) गंगा　　ख) छटा

ग) यमुना　　घ) सिंधु

अथवा

वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद धरा पर आई।

अंकुर फूट पड़ा धरती से
नव–जीवन की ले अंगड़ाई।
धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत–सी आकर।
'वसुंधरा की रोमावलि' सी
हरी दूब, पुलकी मुसकाई।
पहली बूँद धरा पर आई

i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि/कवयित्री का नाम है –

क) गोपाल कृष्ण कौल
ख) रामधारी सिंह 'दिनकर'
ग) सोहनलाल दि्वेदी
घ) इनमें से कोई नहीं

ii) धरती से क्या फूट पड़ा?

क) जड़
ख) अंकुर
ग) जल
घ) घास

iii) धरती पर बूँद किस प्रकार आकर गिरी?

क) ज़ोर–सी
ख) अमृत–सी
ग) धीमी–सी
घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 11. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

अयोध्या नगरी थी। राम सीता के साथ बैठे थे। मार्ग में पड़ने वाले स्थानों के नाम बताते जा रहे थे। रावण सीता का हरण करके उसी मार्ग से ले गया था–पंचवटी से। उस समय सीता ने वे स्थान ठीक से नहीं देखे थे। स्थान के नाम उन्हें ज्ञात नहीं थे। पहले रणभूमि पड़ी उसके बाद वे पुल जिसे नल और नील ने बनाया था – सेतुबंध । किष्कीन्धा रास्ते में था। वानरराज सुग्रीव की राजधानी थी। सीता का विमान किष्कीन्धा में उतरा सुग्रीव की रानियाँ तारा और रूपा को लेने। आगे पर्वत पड़ा और उसके बाद पम्पा सरोवर। उसकी सुंदरता अद्भुत थी।

क) सीता का हरण किसने किया?

ख) किस स्थान से सीता का हरण किया?

ग) किनकी सुंदरता अद्‌भुत थी?

घ) पुल का निर्माण किसने किया?

ड) सुग्रीव की रानियाँ कौन थी?

प्र. 12 निम्नलिखित गद्‌यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4)

मोहनजोदड़ो और हड़प्पा में मिले नमूनों से यह मालूम होता है कि उस समय लोग गेहूँ, जौ, मटर, तिल, खजूर आदि का प्रयोग करते थे। अन्न के अलावा मांस और मछलियाँ भी खाई जाती थीं। उस समय सूती कपड़ों का प्रयोग होने लगा था। पुरुषों की पोशाक में धोती, शाल आदि शामिल थे, जबकि महिलाएँ छोटा लहँगा और अंगरखा पहनती थीं।

पूर्व वैदिक युग में आर्यों का खान–पान बहुत सादा था। उनका मुख्य भोजन घी, दूध, चावल, जौ आदि था। वैदिक साहित्य में मूंग, उड़द आदि अनेक दालों का उल्लेख है। यज्ञों में सोमरस पीने का भी रिवाज था। आर्यों का वेश भी बहुत सादा था। शरीर के ऊपरी भाग के लिए एक उत्तरीय और निचले भाग के लिए एक धोती पहनने का रिवाज था। पगड़ी भी पहनी जाती थी। कपड़े ऊन के या अलसी के रेशों के बने होते थे।

क) मोहनजोदड़ो तथा हड़प्पा में मिले नमूनों से क्या पता चला है?

ख) उस समय पुरुषों की पोषाक किस प्रकार की थी?

ग) पूर्व वैदिक युग में आर्यों का भोजन किस प्रकार का था?

घ) आर्य लोग यज्ञों में क्या पान करते थे?